# बिहार विधान परिषद

**(बिहार विधान परिषद् का 194वां बजट सत्र)**

## 16 मार्च 2020

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**32**

----

### बीज ब्रिकी पर रोक

*76 **श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा)ः**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बीते 5 वर्षों के दौरान राज्य में बीज उत्पादन की मात्रा घटी है, कृषि विभाग के छह प्रसंस्करण संयंत्र क्षमता से कम उत्पादन कर रहे हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल 2,25,470 क्विंटल बीज का उत्पादन हुआ था लेकिन वित्तीय वर्ष 2018-19 में मात्र 1,36,431 क्विंटल बीज का ही उत्पादन हुआ है ;

(ग) क्या यह सही है कि बीज को लेकर बाजार पर बढ़ती निर्भरता के कारण बाजार में बीज बेचने वाली प्राइवेट एजेंसियों ने कालाबाजारी का काम शुरू कर दिया है ;

(घ) क्या यह सही है कि विभाग की ओर से राज्य की 89 ऐसी एजेंसियों को चिन्हित किया गया है, जो लंबे समय से विभाग के निर्देश के बावजूद अपने बीज के नमूनों की जांच नहीं करा रही हैं और किसानों के साथ धोखाधड़ी कर मनमानी तरीके से बीज का व्यवसाय कर रहे हैं ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बीज का उत्पादन बढ़ाने के साथ उक्त 89 एजेंसियों के बीज ब्रिकी पर रोक लगाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पथ का निर्माण

***165 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया जिले के धमदाहा अनुमण्डलीय मुख्यालय से मधेपुरा जिले के बिहारीगंज प्रखण्ड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर एवं बदहाल है ;

(ख) यदि उपरोक्त खंड'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस पथ का निर्माण जनहित में यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## नदी पर पुल निर्माण

***166 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखण्ड के बाड़ा एवं इन्दरबा गांव के बीच मरहा नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को गांव से बाहर निकलने में काफी दिक्कत होती है, यदि हां तो सरकार कब तक उस नदी पर पुल का निर्माण कराना चाहती हैं, यदि नहीं तो क्यों

----

## सडक का निर्माण

***167 श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बोधगया को जोड़नेवाली बाराचट्टी–मोहनपुर सड़क के पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि बाराचट्टी से मोहनपुर तक की 13 किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और बारिश के दिनों में इन गड्ढों में जल जमाव हो जाने के कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, इसमें जान-माल का नुकसान होता है ;

(ग) क्या यह सही है कि इस सड़क के निर्माण हो जाने से इससे जुड़े लगभग 100 से ऊपर गांवों के लोगों को बोधगया पहुंचने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बोधगया को जोड़नेवाली बाराचट्टी-मोहनपुर सड़क का निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कार्रवाई के संबंध में

***168 डा. एन. के. यादव (स्नातक कोशी):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र में गेहूं की बुआई होते ही यूरिया की कालाबाजारी शुरु हो गई है, जिससे किसान परेशान हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि क्षेत्र के स्थानीय किसान विनय यादव, संजय सिंह और रमेश सिंह ने यूरिया की कीमत सरकार दर, पौने तीन सौ की जगह पर 400 रुपये प्रति बैग बेचने तथा डी.ए.पी 1500 रुपये प्रति बैग बेचने तथा खाद की रसीद दुकानदार द्वारा नहीं दिए जाने के संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी से जांच के लिए आग्रह किया गया है, किन्तु अभी तक दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर स्थानीय किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कालाबाजारी पर रोक लगाने एवं कालाबाजारी करने वाले खाद दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती हैं, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***169 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सही है कि चकाई प्रखंड के सरौन से धतुरिया बक्शीला सड़क बिहार से झारखंड को जोड़ता है यह सड़क दोनों तरफ से बन गया है बीच में पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

(ख) क्या यह सही है कि पथ निर्माण के विभागीय पदाधिकारी इस पुल से कोई मतलब ही नहीं है यदि मतलब रहता यह एक महत्वपूर्ण सड़क बिहार से झारखंड को जोड़ता है पुल बन जाने से यहां के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगा।

(ग) यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इस नदी पर पुल निर्माण कराना चाहती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों।

----

## काउंटर को सुचारु संचालन

*170 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि डी.एम. गोपालगंज के आदेश पर जिले के 206 पंचायत और 52 पंचायत सरकार भवन में आरटीपीएस काउंटर खोले गए ;

(ख) क्या यह सही है कि जिले के अंचल कार्यालयों में 14 हजार आरटीपीएस से संबंधित आवेदन लंबित हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के सभी ग्राम पंचायतों को कार्यपालक सहायक की नियुक्ति नहीं होने एवं इंटरनेट नहीं होने से सरकार की योजनाएं फ्लाप हो रही हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायतों के सशक्तीकरण की दिशा में खोले गये आरटीपीएस काउंटर को सुचारु चलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## एप्रोच पथ का निर्माण

*171 **श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल मुंगेर रेल सह सड़क पुल करोड़ों की लागत से बना है ;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त रेल सह सड़क पुल में एप्रोच पथ नहीं रहने के कारण दो जिलों में जोड़ने वाला यह पुल उपयोगी साबित नहीं हो पा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि उपरोक्त रेल सह सड़क पुल में एप्रोच पथ के बन जाने से

दोनों जिलों के हजारों किसानों, व्यापारियों एवं आमजनों का लाभ मिलेगा वहीं सरकार को अतिरिक्त राजस्व की भी प्राप्ति होगी ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पुल के एप्रोच पथ को अतिशीघ्र बनवाने का विचार रखती है यदि, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## इंदिरा आवास निर्माण

*172 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय में दायर CWJC No 23880/2019 में उषा देवी, पति लालो पासवान, रीना देवी, पति मुकेश पासवान, ग्राम सफापुर, थाना-नया गांव, जिला-बेगूसराय के अर्द्धनिर्मित इंदिरा आवास का शीघ्र निर्माण कराने का आदेश दिया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मामले में न्यायालय भूमि उपसमाहर्ता, बेगूसराय के न्यायादेश का भी अनुपालन जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी नहीं कर रहे हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर के पत्रांक-651 दिनांक-23.12.2018 ,पत्रांक 1135 दिनांक-23.3.2018, पत्रांक- 257 दिनांक-11.9.2019 एवं पत्रांक-5550 दिनांक- 19.10.2019 के निर्देशों का भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिससे एक अनुसूचित परिवार खुले आसमान के नीचे जिन्दगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अर्द्धनिर्मित इंदिरा आवास का निर्माण कराना चाहती है ?

----

## पंचायत भवन का निर्माण

*173 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में पंचायत भवन निर्माण करने का दायित्व विभाग का है ;

(ख) क्या यह सही है कि सारण(छपरा ) जिलान्तर्गत इसुवारपुर प्रखंड में पंचायत भवन/किसान भवन नहीं है, जिससे किसानों एवं मुखिया को सभा करने में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसुवापुर प्रखंड में किसान भवन/पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## तकनीकी जांच

***174 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी में जल नल योजना में बरती जा रही व्यापक अनियमितता और धांधली की जांच कराने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास ने अपने पत्रांक- 06/गो0, दिनांक-9/1/2020 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी घोघरडीहा को वार्ड सदस्यों से प्राप्त शिकायत पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जांच करने का आदेश दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्व में भी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, घोघरडीहा ने अपने पत्रांक 1260, दिनांक-26/9/2019 के द्वारा उक्त वर्णित पंचायत में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेय जल निश्चय योजना के कार्यों की स्थलीय और तकनीकी जांच करने हेतु कनीय अभियंता प्रखण्ड घोघरडीहा को आदेश दिया था ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतायेगी की इस दिशा में अब तक कौन सी कार्रवाई की गई और उसका फलाफल क्या है, यदि नहीं की गई तो इसका औचित्य क्या है ?

----

## सड़क की ढलाई

***175 श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत कलुआही प्रखण्ड की हरिपुर दक्षिणी पंचायत में खिरखिरिया टोल के लालू राय के घर से जीवछ नदी तक सिर्फ 1200 फीट सड़क कच्ची है ;

(ख) क्या यह सही है कि लालू राय के घर तक मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से ढलाई सड़क स्वीकृत है और बनने वाली है ;

(ग) क्या यह सही है कि कलुआही मुख्य सड़क से खिरखिरिया टोल में जीवछ नदी तक लिंग सड़क बनी हुई है, सिर्फ जीवछ नदी से लालू राय के घर तक 1200 फीट सड़क कच्ची है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु लालू राय के घर से जीवछ नदी तक 1200 फीट कच्ची सड़क की ढलाई कराना चाहती है ?

----

## पंचायत सरकार भवन में रास्ता की व्यवस्था

*176 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बासोपट्टी प्रखण्ड अंतर्गत सेलिबेली पंचायत मुख्यालय में पंचायत सरकार भवन पूर्ण रूप से बन कर तैयार है ;

(ख) क्या यह सही है कि सेलिबेली पंचायत के ग्रामीण कई महीनों से पंचायत सरकार भवन में काम काज शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण तो कर दिया लेकिन वहां तक जाने के लिए रास्ता नहीं है;

(घ) क्या यह सही है कि मोटी रकम और सैकड़ों लोगों की मेहनत से बनकर तैयार पंचायत सरकार भवन लोगों के लिए शो-पीस बनकर रह गया है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेलिबेली पंचायत सरकार भवन तक आमजन को जाने हेतु रास्ते का व्यवस्था कराते हुए पंचायत सरकार भवन में काम-काज शुरू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, यदि नहीं तो क्यों?

----

## जमीन मुआवजा एवं सड़क निर्माण

*177 **श्री रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अंतर्गत राज्य के दलित, महादलित, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के प्रत्येक गांव, टोला को मुख्य सड़क से जोड़ने की योजना है ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड के ग्राम उदयपुरा दलित बस्ती जिनकी आबादी लगभग 500 परिवार है;

(ग) क्या यह सही है कि तिसखोरा पक्की सड़क से उदयपुरा दलित बस्ती पईन जाती है जो काश्तकारी जमीन होने के कारण मुआवजा राशि के लिए किसान सड़क निर्माण हेतु जमीन को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदयपुरा दलित बस्ती के बासिन्दों के लिए आवागमन हेतु काश्तकारी किसान को जमीन का मुआवजा देते हुए पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अपूर्ण आवास का निर्माण

***178 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में इंदिरा आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों का आवास बनाया जाता है ;

(ख) वित्तीय वर्ष 2019-20 में राज्य में कितने आवास बनाने का लक्ष्य था, अबतक कितने आवास पूर्ण हुए हैं और अभी भी कितने आवास अपूर्ण स्थिति में है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गरीबों के अपूर्ण आवास कबतक पूर्ण कराना चाहती है ?

----

## नियमावली में संशोधन

***179 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापांक संख्या 6733 दिनांक-22.5.2014 के द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा संचालन नियमावली 2010 के नियम 04 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त नियमावली के अनुसूचित

2(स्नातक स्तरीय) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,पटना के दो (2) पदों मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक एवं मत्स्य प्रसार पदाधिकारी को शामिल किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापांक सं0- 6733 दिनांक- 22.5.2014 के आदेश के बावजूद पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना 23 अगस्त 2007 बिहार पशु एवं मत्स्य सेवा भर्ती नियमावली 2007 में संशोधन नहीं किया गया ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना के अधिसूचना 23 अगस्त, 2007 बिहार पशु एवं मत्स्य संसाधन सेवा भर्ती नियमावली 2007 में संशोधन करना चाहती है, अगर हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल-पुलिया का पुनर्निर्माण

*180 **श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री,ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के शिवहर प्रखंड में फतहपुर ट्रांसफर्मर चौक से फतहपुर पश्चिमवारी टोला होते हुए कन्याजी पुल तक की ग्रामीण सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही हैउक्त सड़क के मध्य पड़नेवाले पुल-पुलिया की स्थिति भी अत्यंत खराब है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं पुल-पुलिया का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अधिकारियों पर कार्रवाई

*181 **श्री सुनील कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, दरभंगा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा सहरसा को जोड़ने वाली हाटी कोठी बिरौल- गंडौल सड़क का निर्माण कार्य बिहार राज्य पूल निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है जो छः वर्ष में भी पूरा नहीं हो सका है;

(ख) क्या यह सही है कि हाटी –कोठी बिरौल-गंडौल सड़क से चैनेज संख्या-1200 के निकट एप्रोच रोड का निर्माण अब तक शुरू नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क में गंडौल, कोठराम, तेनुआ, पूनाछ, खानपुर, हनुमाननगर आदि गांव के निकट एप्रोच रोड नहीं बनाये जाने से आधे दर्जन से अधिक लोग दुर्धटना के शिकार हो चुके है ;

(घ) क्या यह सही है कि इस एप्रोच रोड में बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माण एजेंसी के दोषी अधिकारियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## बीज बिक्रेताओं पर कार्रवाई

*182 **श्री सतीश कुमार (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बाढ़ पीडि़तों को मुफ्त में तोरी(सरसों) तथा मटर बीज का वितरण करना था ;

(ख) क्या यह सही है कि कृषि निदेशालय, बिहार पटना के पत्रांक पत्र सं0- 09/ उपा0 बीज ज0शि0- 14/2018 कृषि निदेशक के द्वारा जॉचोपरांत बीज वितरण में लापरवाही पाई गई तथा पदाधिकारियों एवं बीज बिक्रेताओं पर कार्रवाई करने की बात कहीं गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि विभागीय आदेश के आवजूद आज तक किन-किन पदाधिकारियों तथा बीज विक्रेताओं पर क्या कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## मनरेगा योजना से कार्य

*183 **श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री,ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी योजना लागू है ;

(ख) क्या यह सही है पश्चिम चम्पारण जिले के 18 प्रखंडों की पंचायतों की ग्राम पंचायत समितियां एवं जिला पर्षद् में मनरेगा योजना का कार्य नहीं कराया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिले में जिला प्रशासन मनरेगा योजना से सिर्फ प्रधानमंत्री आवास योजना में मजदूरों की मजदूरी के रूप में भुगतान किया जा रहा है ;

(घ) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के मुख्य उदेश्यों की पूति नहीं हो रही है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिम चम्पारण जिले के 18 प्रखंडों की पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम,2005 के उदेश्यों के तहत मनरेगा योजना से कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## गली की ढलाई

***184 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के पुनपुन प्रखण्ड के बेहरावां पंचायत के अंतर्गत ग्राम मझौली में श्री नागेन्द्र भग के घर से पईन तक एक वर्ष पूर्व बनी नाली के दोनों ओर मिट्टी की भराई नहीं होने के कारण दोनों ओर का तटबंध टूट गया है ;

(ख) क्या यह सही है उक्त नाली का तटबंध टूट जाने से नाली का पानी इधर-उधर बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मझौली ग्राम में श्री नागेन्द्र भगत के घर से पईन तक एक वर्ष पूर्व बनी नाली के दोनों ओर मिट्टी भराई कराते हुए गली की ढलाई कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## संपर्क पथ का निर्माण

***185 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखण्ड में पालीगंज-अमरपुरा पथ है;

(ख) क्या यह सही है पालीगंज- अमरपुरा संपर्क पथ में अमरपुरा की तरफ से मिट्टी भराई का कार्य लगभग आधा हो गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त संपर्क पथ के बन जाने से हजारों लोग लाभान्वित होंगे;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संपर्क पथ को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर हजारों लोगों को लाभ दिलाने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों नहीं?

----

## संपर्क पथ का निर्माण

***186 श्री राधा मोहन शर्मा (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखण्ड में पालीगंज-अमरपुरा पथ है;

(ख) क्या यह सही है पालीगंज- अमरपुरा संपर्क पथ में अमरपुरा की तरफ से मिट्टी भराई का कार्य लगभग आधा हो गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त संपर्क पथ के बन जाने से हजारों लोग लाभान्वित होंगे;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संपर्क पथ को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर हजारों लोगों को लाभ दिलाने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों नहीं?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

***187 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड के मलाही पंचायत में राजकीय पोलिटेकनिक महाविद्यालय राज्य सरकार द्वारा खोली गई ;

(ख) क्या यह सही है महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए सुरसंड मलाही, बाजपट्टी REO रोड अतिक्रमित एवं जर्जर है जिससे महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों एवं शिक्षकों एवं उस क्षेत्र के लाखों लोगों को काफी असुविधा होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रोड को अतिक्रमण मुक्त सड़क निर्माण करायेगी, यदि हां तो कबतक ?

----

## पथ की मरम्मती

*188 **श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत एन.एच.-2 से देव भाया आनन्दपुरा पथ की स्थिति काफी जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है उक्त पथ की स्थिति जर्जर होने से जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या तो सरकार उक्त जर्जर पथ की मरम्मती अविलंब कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत व्यवस्था सुचारु

*189 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि हार्डिंग रोड स्थित आवास सं.- 42/A में शॉट सर्किट के कारण विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत का पैनल एवं सर्विस केबल एक वर्ष पूर्व जल गया है ;

(ख) क्या यह सही है उक्त विद्युत का पैनल एवं सर्विस केबल के जल जाने के बाद अस्थायी व्यवस्था के सहारे भवन में किसी तरह विद्युत व्यवस्था बहाल की गयी है जिससे पूरे भवन में विद्युत आपूर्ति हमेशा बाधित होते रहती है और आग लगने की घटना घट चुकी है ;

(ग) क्या यह सही है कि इस संबंध में कई बार विभाग को पत्र लिखा गया किन्तु आज तक समस्या जस का तस है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवास में जले विद्युत का पैनल एवं सर्विस केबल को अविलंब बदलते हुए विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से चलाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो कैसे ?

----

## पुल का निर्माण

*190 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मघेपुर प्रखण्ड के NH-57 खोपा से मघेपुर बाजार तक जाने वाली डिस्ट्रीक बोर्ड की सड़क पक्की है, परंतु पौनी से शंकरपुर-बाथ तक का पथांश कच्ची एवं जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है उक्त पथांश का कच्ची रहने एवं गेहूमा नदी से कटाव होने के कारण यातायात बाधित है, जिससे आमलोगों को काफी कठिनाई होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के जर्जर पथांश का पक्कीकरण तथा शंकरपुर गांव के समीप गेहूमा नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती

*191 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड गोरैयाकोठी स्थित भिट्ठी से छितौली जाने वाली सड़क पूर्णतः जर्जर हो चुकी है ;

(ख) क्या यह सही है उक्त सड़क की वर्षों से मरम्मती का कार्य नहीं हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार खण्ड ‘ क’ में वर्णित सड़क की आवश्यकतानुसार मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

----

## समस्या से निदान

*192 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखण्ड अंतर्गत पोथिया होकर गुजरने वाली एस.एच. 77 सड़क पर कन्या मध्य विद्यालय के निकट वर्षा से गंदे पानी का जल-जमाव के चलते इस विद्यालय की छात्राएं प्रभावित हो रही हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित स्थल पर जल-जमाव की समस्या के निदान के लिए विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गंभीर समस्या के निदान के लिए पहल करना चाहती है , यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*193 **डा. दिलीप कुमार चौधरी (स्नातक दरभंगा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जे.पी. सेतु होक इस बीच रात को ट्रक का भी आवागमन चालू कर दिया गया है, जिससे जाम की समस्या काफी बढ़ गया है ;

(ख) क्या यह सही है रेलवे जे.पी. सेतु के उपर जो पुल का निर्माण हुआ है वह केवल छोटी गाड़ी के लिए ही है, बड़ी गाड़ी का आवागमन से कभी भी अप्रिय घटना घटने की संभावना बनी रहती है और इस बीच रेलवे भी इस पर आपत्ति दर्ज करा चुका है ;

(ग) क्या यह सही है कि जे.पी. सेतु के बगल में 04 लेन का पुल काफी दिनों से प्रस्तावित है, जिसे लंबित रहने से और गांधी सेतु के बगल में 04 लेन का पुल काफी दिनों से प्रस्तावित है, जिसे लंबित रहने से और गांधी सेतु का पुनर्निर्माण का कार्य चलने से उत्तर बिहार जाने के लिए आवागमन में काफी असुविधा होती है

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रस्तावित 04 लेन पुल का निर्माण कबतक करवाना चाहती है ?

----

## पुलिया का निर्माण

*194 **श्री हरिनारायण चौधरी (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जिला परिषद् के हनुमान प्रखंड के रूपौली पंचायत में कोयलाघाट से रूपौली घाट तक के पथ में छोटा पुलिया है जो हरेक साल बाढ़ में टूट एवं दह जाता है जिससे ग्रामीणों को बाढ़ के समय आवागमन बाधित होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है खंड'क' में वर्णित स्थल पर अगर तीनपुलिया पर पुल निर्माण कराया जाय तो बाढ़ में उक्त समस्या से निजात पायी जा सकती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल पर तीनपुलिया का निर्माण यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का सुदृढ़ीकरण

*195 **श्री सोने लाल मेहता (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिला के खगडि़या प्रखंड अंतर्गत सन्हौली पंचायत के सन्हौली दुर्गा स्थान से मध्य विद्यालय सन्हौली होते हुए शिव मंदिर खगडि़या-सोनमनकी P.W.D सड़क तक सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में आम नागरिकों को सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क का सुदृढीकरण करना चाहती है , हां तो कबतक ?

----